(1)
3507
28/3/2017

पुस्तकालय

सत्यमेव जयते

असंशोधित

23 MAR 2017

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

--------

~~(भाग 1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)~~

प्रतिवेदन शाखा
बि०स०प्रे०सं० 674 तिथि 27/3/17

## शून्य-काल

श्री संजय सरावगी : सभापति महोदय, मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना में नई योजनायें जोड़ दिये जाने के कारण प्रत्येक विधान सभा में दो करोड़ की राशि को बढ़ाकर चार करोड़ करने एवं राज्य में सड़क, नालों, कल्भर्ट, छिलका की समस्याओं के कारण उक्त योजना से सड़क, नाले, कल्भर्ट, छिलका का भी निर्माण का प्रावधान सरकार करे ।

(इस अवसर पर भाजपा के माननीय सदस्यगण अपनी सीट पर से खड़े होकर एक साथ बोलने लगे-व्यवधान)

सभापति (श्री रामनारायण मंडल) : श्री नीरज कुमार । माननीय संजय जी, आप बैठियेगा तब तो, प्लीज आप लोग बैठ जायें । सरकार बिल्कुल संज्ञान लेगी, आप लोग बैठिए तो । आप बैठिए । प्लीज, आप बैठिए । आपलोग अपने-अपने स्थान पर बैठिए । सरकार संज्ञान ले रही है ।

(व्यवधान)

श्री श्रवण कुमार, मंत्री : हुजूर, माननीय नंद किशोर जी, आज सदन में हैं और हमें लगा कि आज माननीय भाजपा के माननीय सदस्य अनुशासन में रहेंगे, प्रेम कुमार जी की बात को तो नहीं मानते हैं संजय सरावगी जी, अब देख रहे हैं कि नंद किशोर जी की भी बात नहीं मानते हैं, तो यह बहुत गंभीर सवाल है महोदय ।

श्री नंद किशोर यादव : महोदय, मुझे कुछ कहने दिया जाय...

सभापति (श्री रामनारायण मंडल) : उन्होंने आपके बारे में कोई आपत्तिजनक बातें नहीं कहीं है ।

श्री नंद किशोर यादव : महोदय, उन्होंने मेरा नाम लेकर बोला है, मैं जानता हूँ, इसलिए मुझे बोलने दिया जाय ।

सभापति (श्री रामनारायण मंडल) : सरकार बिल्कुल गंभीर है, आप लोगों की बात सुनी है । सरकार गंभीर है, आपकी बातों पर । माननीय सदस्य श्री नीरज कुमार सिंह ।

( इस अवसर पर भाजपा के सभी माननीय सदस्यगण अपनी सीट पर बैठ गये)

प्लीज आप लोग शांत रहिए, सुनने दीजिए सब को ।

श्री नीरज कुमार सिंह : सभापति महोदय, दिनांक 20.03.2017 को सुपौल जिले के बसंतपुर प्रखंड में हुए ओलावृष्टि से किसानों के फसलों की भारी क्षति हुई है । सरकार से किसानों की हुई फसल क्षति के मुआवजे की मांग करता हूँ ।

डॉ विनोद प्रसाद यादव : सभापति महोदय, गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखंड में एन0एच0-2 अमनचैन होटल से नहर किनारे झिंगादोहर होते एन0एच0-99 धर्मपुर बाल्टी फैक्ट्री तक सड़क काफी जर्जर है । विभागीय निर्देशानुसार कार्यपालक अभियन्ता, कार्य प्रमंडल, शेरघाटी द्वारा सड़क निर्माण हेतु फिजिबिलिटी रिपोर्ट विभाग को अनुशंसा के साथ भेजा गया है ।

अत: जनहित में उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित करने की मांग सरकार से करता हूँ और कार्यान्वयन कराने की मांग करता हूँ ।

श्री मो0 नेमतुल्लाह : सभापति महोदय, वर्ष 1974 में शामिल छात्र आन्दोलन में जेल जाने वाले श्री अवधेश कुमार, ग्राम-मक्षौवा, पो0-आरा, जिला-भोजपुर को जे0पी0सेनानी सम्मान योजनान्तर्गत मासिक पेंशन एवं अन्य सुविधायें माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सी0.डब्लू.जी. सी.-4952/2013 में पारित न्यायादेश के बावजूद अभी तक कोई सुविधा नहीं मिल रही है । अत: सरकार से उक्त मामलों में मासिक पेंशन सहित अन्य सुविधायें शीघ्र देने की मांग करता हूँ ।

श्री समीर कुमार महासेठ : सभापति महोदय, दिव्यांगों के साथ हुए प्राकृतिक अन्याय को ध्यान में रखते हुए उन्हें गाड़ी छोड़कर अन्य योजनाओं में विशेष छूट का प्रावधान है ।

अत: दिव्यांग द्वारा स्वयं के व्यवहारार्थ खरीदी जानेवाली सभी गाड़ियों को कर मुक्त किया जाय ।

श्री महबूब आलम : सभापति महोदय, देश के स्तर पर प्रतिष्ठित कला वं शिल्प महाविद्यालय पटना में प्रभारी प्राचार्य चंद्रभूषण श्रीवास्तव के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की न्यायिक जांच और कॉलेज में स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति की मांग करता हूँ ।

श्री सुदामा प्रसाद : सभापति महोदय, कला एवं शिल्प महाविद्यालय, पटना के प्रभारी प्राचार्य चंद्रभूषण श्रीवास्तव पर दलित छात्रों व छात्राओं के साथ अभद्रता के गंभीर आरोप हैं, इसके खिलाफ छात्रों-नागरिकों का आन्दोलन भी चल रहा है, लेकिन आन्दोलनकारियों पर उल्टे मुकदमे लाद दिये गये हैं, प्राचार्य को अविलम्ब हटाने व आन्दोलनकारियों से मुकदमें की वापसी की मांग करता हूँ ।

श्री मो0 नवाज आलम : सभापति महोदय, भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र में शहर के मुख्य मार्ग महावीर टोला में डॉक्टरों के क्लिनिक होने से भीड़ अधिक होती है । अतिक्रमण अधिक होने से जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है । जाम से निजात दिलाने हेतु उस क्षेत्र का ढ़क्कन सहित नाला निर्माण एवं रोड चौड़ीकरण कराने की मैं सदन से मांग करता हूँ ।

टर्न-8/शंभु/23.03.17

श्री ललन पासवान : महोदय, रोहतास जिलान्तर्गत शिव सागर प्रखंड में आलमपुर गांव से उत्तर ब्रह्मस्थान के पास पुराने टूटे पुल पर आवागमन होता है। इसपर कभी भी बड़ा हादसा

हो सकता है। सरकार से मांग करते हैं कि उक्त पुल के जगह नया 15 फीट चौड़ा पुल बनावे।

श्रीमती भागीरथी देवी : माननीय सभापति महोदय, बेतिया जिला के प्रखंड रामनगर में मशान नदी पर 20 वर्षों से बना पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है, जो राज्य सरकार के अन्तर्गत आता है। मैं मांग करती हूँ कि उक्त पुल का मरम्मत के साथ चौड़ीकरण की मांग करती हूँ।

श्री अशोक कुमार सिंह : महोदय, कैमूर जिलान्तर्गत मोहनिया चौसा पथ में अकोढ़ी गांव के पास पुलिया क्षतिग्रस्त होने के चलते संपूर्ण नुआंव प्रखंड एवं रामगढ़ प्रखंड का आधा हिस्सा के बड़े वाहन का परिचालन बंद है। पुलिया निर्माण तक बगल में डायवर्सन का निर्माण करावे।

श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह : सभापति महोदय, औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड के बनहारा-अंकोरहा रोड में बनहारा के पास पुनपुन नदी में पुल न होने से जनता को आवागमन में भारी कठिनाई होती है। अतः सरकार से नवीनगर प्रखंड के बनहारा अंकोरहा रोड में पुनपुन नदी पर शीघ्र पुल निर्माण कराने की मांग करता हूँ।

श्री राजेन्द्र कुमार : सभापति महोदय, तुरकौलिया प्रखंड अन्तर्गत महनवा चौक आर0डब्लू0डी0 रोड से गायघाट आनेवाली आर0डब्लू0डी0 रोड में करीब 4 सौ मीटर रोड पूर्ण रूप से खराब है। बरसात के दिनों में पूर्ण रूप से आवागमन एवं बाजार बाधित हो जाता है। सरकार इसे बरसात के पहले जनहित में बनावे।

श्री आनन्द शंकर सिंह : महोदय, औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद नगर परिषद् क्षेत्र अवस्थित पुरानी जी0टी0 रोड बाजार में शौचालय न होने से आम लोगों के साथ-साथ दुकानदारों को भी काफी समस्याओं का समाना करना पड़ता हे। नगर परिषद् द्वारा बनाये गये दूकानों के आसपास भी शौचालय की व्यवस्था नहीं है। अतः आग्रह है कि पुरानी जी0टी0 रोड बाजार में प्रमुख स्थानों पर शौचालय का निर्माण कराया जाय।

श्री विजय कुमार खेमका : सभापति महोदय, पूर्णियां सहित बिहार के 92 हजार शस्त्र एवं लाठीधारी होमगार्ड के अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने से बैंक, अस्पताल, यातायात, अग्निशमन एवं आकस्मिक सेवा में सुरक्षा का घोर अभाव हो गया है तथा शहर ग्राम की विधि व्यवस्था चरमरा गयी है। अतः मैं सरकार से होमगार्ड के मांगों को पूरा करने, हड़ताल तत्काल खतम कराने के साथ विधि व्यवस्था में सुधार की मांग करता हूँ।

श्री वशिष्ठ सिंह : महोदय, रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम-चौसा पथ में मुरादाबाद गांव में प्रतिदिन जाम लगता है, जिससे यात्रियों एवं ग्रामवासियों को बहुत परेशानी होती है। सरकार से मांग करता हूँ कि मुरादाबाद गांव से बाहर-बाहर बाइपास रोड का निर्माण कराया जाय।

श्री अमित कुमार : सभापति महोदय, सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नगर पंचायत, बैरगनियां में लोहिया स्वच्छता मिशन अन्तर्गत शौचालय निर्माण का भुगतान बिना भौतिक सत्यापन कराये कार्यपालक पदाधिकारी सह नगर-प्रबंधक बैरगनियां द्वारा लाभुकों को भुगतान कराया गया। अतएव सरकार इसकी अविलंब जाँच करावे।

श्री मुन्द्रिका सिंह यादव : महोदय, जहानाबाद जिला के मखदुमपुर प्रखंड के ग्राम पाई बिगहा के पास मोरहर नदी में पुल नहीं रहने के कारण आम लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अतः इस गंभीर विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए उक्त पुल निर्माण की मांग करता हूँ।

श्री वीरेन्द्र कुमार सिन्हा : महोदय, औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड मुख्यालय से डिहरा ग्राम 20 कि0मी0 की दूरी पर अवस्थित है। इसलिए प्रखंड मुख्यालय आनेजाने में ग्रामीण जनता को काफी कठिनाइयों का समाना करना पड़ता है। अतः इस गंभीर विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए ओबरा प्रखंड से काटकर डिहरा को प्रखंड बनाने की सरकार से मांग करता हूँ।

श्रीमती बेबी कुमारी : महोदय, बोचहाँ में ओला वृष्टि से किसानों की हुई क्षति की पूरी जानकारी संबंधित पदाधिकारी के स्तर से सरकार को नहीं दी गयी है। जिसके कारण बोचहाँ के सहिला रामपुर, देवगण, उनसर आदि क्षेत्रों के किसान त्राहिमाम की स्थिति में हैं। उच्च स्तरीय जाँच के साथ प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा की मांग करती हूँ।

श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव : माननीय सभापति महोदय, बिहार स्तर पर युवा आयोग का गठन होना विचाराधीन है। युवाओं ने इस सन्दर्भ में कई बार सरकार के सामने मांग रखी है। मुख्यमंत्री बिहार, उप मुख्यमंत्री ने भी इस सन्दर्भ में पहल करने की बात कही थी, परन्तु अभी तक राज्य स्तर पर युवा आयोग का गठन नहीं किया गया है। अतः सरकार से युवा आयोग गठन की मांग करता हूँ।

श्री तारकिशोर प्रसाद : सभापति महोदय, कटिहार में सदर अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के बावजूद भी आइ0सी0यू0 वर्षो से बंद है, मरीज परेशान हैं। अतः आइ0सी0यू0 अविलंब चालू करावे।

श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह : महोदय, पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखंड के सुन्दरापुर दियरा टोला में दिनांक 06.03.17 को आग लग जाने से बिंद, मल्लाह, नोनिया, मुस्लिम धोबी एवं लोगों का 200 परिवार का घर जल गया है। सरकार से सभी परिवारों को शीघ्र पुनर्वास की मांग करता हूं।

श्री केदार प्रसाद गुप्ता : महोदय, मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में छाजन दर्धा रोड में छाजन दर्धा नहर पर पुल नहीं रहने से शहर जाने में 10 कि0मी0 घूमकर जाना पड़ता है, जिससे दुर्घटना में कई मौतें हो चुकी है। जनहित में पुल बनाने की मांग करता हूँ।

श्री अचमित ऋषिदेव : सभापति महोदय, अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के हरिपुरकला पंचायत के सरपंच सत्येन्द्र कुमार उर्फ सचिव यादव के हत्या के नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार करने हत्यारों द्वारा छिने गये मोटर साइकिल एवं मोबाइल बरामद कर मृतक के परिवार को सुपुर्द करने हेतु कार्रवाई करने की मांग मैं सरकार से करता हूँ।

श्री राजेश कुमार : महोदय, पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखंड के सतरघाट पुल निर्माण में वहां के के किसानों का भूमि अधिग्रहण किया गया था, परंतु अभी तक उन लोगों का रूपया भुगतान नहीं हो पाया है। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि जल्दी राशि भुगतान किया जाय।

श्री सत्यदेव राम : सभापति महोदय, सीवान जिलान्तर्गत दरौली प्रखंड में पशु चिकित्सक वर्षों से अनुपस्थित होने के कारण पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि दरौली पशु चिकित्सालय में चिकित्सक को तत्काल पदस्थापित करावें।

श्री राणा रणधीर : महोदय, पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पकड़ीदयाल अनुमंडल मुख्यालय में एक भी कन्या उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्राओं को सात कि0मी0 दूर जाकर पठन-पाठन का कार्य करना पड़ता है, जिससे काफी कठिनाई होती है। अतः पकड़ीदयाल अनुमंडल में यथाशीघ्र कन्या उच्च विद्यालय खोलने की कार्रवाई की जाय।

श्री विनय बिहारी-(अनुपस्थित)

श्री विजय कुमार सिन्हा : माननीय सभापति महोदय, लखीसराय जिलान्तर्गत, सूर्यगढ़ा, बड़हिया, हलसी, चानन प्रखंड में महिला शिक्षकों के साथ पदस्थापन में घोर अनियमितता हो रही है। पदस्थापन के नाम पर बिचौलियों द्वारा राशि उगाही किया जाता है। अतः सरकार उक्त प्रखंडों में महिला शिक्षकों के पदस्थापन में हो रही अनियमितता की जॉच की मांग करता हूँ।

टर्न-9/अशोक/23.03.2017

श्री प्रमोद कुमार : सभापति महोदय, सारण जिला के मोतिहारी शहर में पिछले 1मार्च से अभी 23 मार्च तक लगभग 6 दर्जन से ज्यादा लगातार चोरी, लूट, हत्या की घटना घटित हो रही है इसलिए सभापति महोदय, इस पर संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाय ।

## ध्यानकर्षण सूचनाएँ तथा उसपर सरकारी व्क्तव्य

श्री बशिष्ठ सिंह, स.वि.स. से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना तथा उस पर सरकार(पथ निर्माण विभाग) की ओर से वक्तव्य ।

श्री बशिष्ठ सिंह : सभापति महोदय, राष्ट्रीय उच्च पथ-30 की स्थिति अत्यन्त जर्जर है जिससे वाहन के आवागमन में कठिनाई होती है एवं अक्सर दुर्घटना होती रहती है । यह पथ